राष्ट्रहित उद्योगहित मजदूरहित

भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश

Bhartiya Mazdoor Sangh Uttar Pradesh

2, नवीन मार्केट, कानपुर - 208 001

पत्रांक BMS/UP/A/41/2023 दिनांक 23.07.2023

सेवा में,

माननीय बृजेश पाठक जी
उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार
लखनऊ

विषयः कोविड-19 महामारी के दौरान सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से कार्यरत अस्थाई कार्मिकों का समायोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के किसी कार्यक्रम में करने या सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से सेवाएं अनवरत लेने के संबंध में

महोदय,

जैसा कि अवगत हैं प्रदेश सरकार ने कोविड-19 के समय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के मामले में अभूतपूर्व कार्य किया है और माननीय मुख्यमंत्री जी को भी पूरे देश एवं वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है।
महोदय कोविड-19 महामारी का सामना करने के लिए सरकार ने आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से मार्च 2020 में एल.टी.,ओ.टी.,डी.ई.ओ., डाक्टर, एनएमएस को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगभग 4500 कर्मियों को आउटसोर्सिंग (अस्थाई) रूप में रखा। शुरुआत में इन्हें केवल तीन माह के लिए रखा था और समय बढ़ाते-बढ़ाते लगभग तीन वर्ष हो गये। सभी कर्मियों ने महामारी के समय अपनी सेवाएं अच्छी तरह से दीं हैं और सरकार के कार्य को सफलतापूर्वक करके सराहना

दिनांक 31.05.2023 के अनुसार मिशन निदेशक ने सभी की सेवाएं 31.06.2023 से अंतिम बार लिखते हुए सेवा विस्तार देने से मना करते हुए सभी की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया है।

सेवाएं समाप्त होने का अंदेशा होने के कारण सभी अत्यंत परेशान हैं। पूर्व में कई बार संविदा कर्मियों, आउटसोर्सिंग कर्मियों को अन्य योजनाओं, कार्यक्रम में समायोजित किया गया है। आज जबकि 4500 अनुभवी कर्मियों की सेवाएं समाप्त हो रही हैं तो निश्चित तौर पर स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभाव पड़ेगा। सरकार के पास राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अन्य योजनाओं या कार्यक्रमों में इन अनुभवी कर्मियों को समायोजित करके या आउटसोर्सिंग पर इनसे सेवाएं लेना उपयोगी होगा।

माननीय उपमुख्यमंत्री जी आपने एक माह का विस्तार 31.07.2023 तक करा दिया है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी सभी के समायोजन का आश्वासन दिया है। आपके द्वारा यदि सभी का समायोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य योजनाओं में करा दिया जायेगा तो निश्चित तौर पर विभाग को अनुभवी कर्मचारी मिल जायेंगे तथा सभी के रोजगार की समस्या का भी हल हो जायेगा।

आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि आप सभी को अन्य योजनाओं में समायोजन कराने की कृपा करेंगे जिससे सभी की सेवायें अनवरत चलती रहेंगी।

धन्यवाद।

भवदीय

Upadhyay

(अनिल कुमार उपाध्याय)
महामंत्री
मो.9935427459